मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-57
29/01/2019

मुख्यमंत्री ने पूर्व रक्षा मंत्री, प्रख्यात समाजवादी एवं प्रखर मजदूर नेता जॉर्ज फर्नान्डिस के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- राज्य सरकार ने दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की

पटना 29 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व रक्षा मंत्री, प्रख्यात समाजवादी एवं प्रखर मजदूर नेता जॉर्ज फर्नान्डिस के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि जॉर्ज फर्नान्डिस के रूप में देश ने बड़े राजनीतिक शख्सियत के साथ ही प्रखर वक्ता, चिंतक, विचारक और करिश्माई व्यक्तित्व को खो दिया है। जॉर्ज फर्नान्डिस श्रमिक संगठन के भूतपूर्व नेता तथा पत्रकार थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में समता पार्टी का गठन किया गया था। वे केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में रक्षामंत्री, संचारमंत्री, उद्योगमंत्री, रेलमंत्री आदि के रूप में कार्य कर चुके थे। जॉर्ज फर्नान्डिस ने उच्च राजनीतिक मूल्यों एवं आदर्शों की बदौलत सार्वजनिक जीवन में उच्चस्थ शिखर को प्राप्त किया। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की बदौलत राजनीतिक सीमाओं के परे सभी विचारधारा के राजनीतिक दलों का आदर एवं सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने अपने जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने हमेशा साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

मुख्यमंत्री ने जॉर्ज फर्नान्डिस जी के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुये कहा है कि जॉर्ज फर्नान्डिस के निधन से उन्होंने अपना अभिभावक खो दिया है।

जॉर्ज फर्नान्डिस जी के निधन पर राज्य सरकार ने दो दिनों की राजकीय शोक की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा सभी को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******